## खबर संक्षेप

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जून को

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा बूथ लेवल आफीसरों के लिए कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 21 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी शाहपुरा झील,अरेरा कॉलोनी भोपाल में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सतना एवं मैहर जिले की सभी विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के साथ 23 जून को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य छूटे हुए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स,राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स,जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को राज्य स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। विधानसभा क्षेत्र में होने वाले प्रशिक्षण का सम्पूर्ण दायित्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का होगा। इस प्रशिक्षण के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो ग्राफी की क्लिप कार्यालय को 24 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### युवक पर चाकू से हमला कर आरोपित हुए फरार

**कटनी।** एक युवक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना कुठला थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी समीप की है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाका निवासी मंगल बर्मन ने बताया कि एलपीडी वाहन का चालक है बह अपने मालिक पप्पू बजाज के ऑफिस में बैठा तभी करीब आधा दर्जन युवकों ने अचानक आकर हमला कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि पुलिस काफी देर तक घटना स्थल तक नहीं पहुंची तो स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जिला अस्पताल लाया गया। घायल युवक का इलाज जारी है। इस घटना के बाद मंडी व्यापरियों में जमकर आक्रोश है। मंडी प्रबंधन द्वारा मंडी परिसर में किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है जिससे आय दिन चोरी लूट मारपीट की घटना होती आ रहीं है। कुठला पुलिस का कहना है कि घायल के कथन के साथ मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश जारी है।

### हथियारबंद लुटेरों ने कार सवारों के लूटे नकदी व जेवरात

**कटनी।** युवक राष्ट्रीय राजमार्ग में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छपरा के समीप एक बार फिर लूट की वारदात हुई। हथियारबंद ने कार सवार को घेर कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। चाकू लिए लुटेरों ने मारपीट करते हुए सोने की अंगूठी, चैन सहित लाखों रुपए लूट लिए। पुलिस के मुताबिक माधवनगर नयागांव इमलिया निवासी 39 वर्षीय राम सूजन पिता डुम्मा वंशकार एवं माधव नगर मानसरोवर कॉलोनी निवासी अखिलेश पिता स्वर्गीय सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं एक अन्य साथी के साथ जबलपुर से कटनी लौट रहा था। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम छपरा के समीप स्थित टाटा कमर्शियल के सामने गत 18 जून की रात लगभग 11:30 बजे जब उन्होंने सड़क किनारे गाड़ी खड़ी की और कार से उतरकर मूत्र विसर्जन करने जा रहे थे, इसी दौरान हाथ में चाकू लिए तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हथियारबंद युवकों ने मारपीट करते हुए उनसे एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी और दो लाख 72 हजार रुपए नगद लूट लिए। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे रफू चक्कर हो गए। पुलिस ने तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 309 (6) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## भांजे को लाठी से पीटकर मामा ने मौत के घाट उतारा

# मकान खाली कराने को लेकर चल रहा था विवाद, आरोपी फरार



**सतना।** जवाहर नगर कुम्हरान मोहल्ला में गुरुवार रात मकान खाली कराने के विवाद में मामा ने अपने दिव्यांग भांजे की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मामा फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भांजा रामबहोर बेलदार 45 वर्ष पिछले करीब 5 वर्षों से अपने मामा रामलाल बेलदार के घर के एक कमरे में पत्नी के साथ रह रहा था। वह पैर से दिव्यांग था और मजदूरी कर गुजर-बसर करता था।

रामबहोर और आरोपी मामा के बीच पिछले तीन दिनों से कमरे को खाली कराने को लेकर विवाद चल रहा था। रामलाल लगातार दबाव बना रहा था,जबकि रामबहोर ने एक महीने का समय मांगा था। गुरुवार सुबह दोनों के बीच कहासुनी भी हुई थी। उस दौरान मामा ने परिजनों के सामने जान से मारने की धमकी दी थी।

### इलाज के दौरान मौत

धमकी से डरकर रामबहोर कुछ दूरी पर रहने वाले अपने दूसरे मामा के घर चला गया था। रात करीब 11:30 बजे जब वह अपने कमरे में लौटा,तो पहले से घात लगाए बैठे मामा रामलाल ने उस पर लाठी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामबहोर को परिजन पहले सिटी कोतवाली और फिर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार हाइवा घर में घुसा, चालक घायल

**सतना।**



कृष्णगढ़ गांव में अमरपाटन रोड पर एक तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकान में जा घुसा। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में हुई।मकान लाला विश्वकर्मा का है।घटना के समय घर में कोई नहीं था। मकान को मामूली नुकसान पहुंचा है। हादसे में हाइवा चालक घायल हो गया,जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर में भर्ती कराया गया है।

### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

दुर्घटना के बाद से मार्ग पर प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री जाने वाले हाइवा की कई किलोमीटर लंबी कतार लग गई थी। ग्रामीणों के अनुसार,ये हाइवा रोजाना लाइम स्टोन लेकर फैक्ट्री जाते हैं। इस रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के बाद प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री जाने वाले हाइवा की कई किलोमीटर लंबी कतार लग गई थी।

### टोल टैक्स बचाने के लिए मेन रोड से नहीं जाती गाड़ियां

ग्रामीणों ने बताया कि लाइम स्टोन से ओवरलोड हाइवा टोल टैक्स बचाने के लिए ग्रामीण सड़क से दिन-रात गुजरते हैं। जबकि इन्हें सतना-रीवा मेन रोड से होकर प्रिज्म फैक्ट्री जाना चाहिए। पुलिस मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को सड़क किनारे करने में जुटी है।

# 4 साल बाद भी किसान को नहीं मिला कब्जा



**मैहर।**

मैहर जिला प्रशासन एक किसान को चार साल बाद भी उसको अपनी जमीन पर कब्जा नहीं दिला पाया है। इस संबंध में किसान ने तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंप पर जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार अमदरा नायब तहसीलदार ने 2021 में धारा 250 के तहत जगदीश पटेल की जमीन से राम कृष्ण पटेल और अन्नू पटेल को बेदखल करने का आदेश दिया था। फैसले में पुलिस बल की मदद से अक्रिमण हटाने को कहा गया था लेकिन चार साल बाद भी आज तक कार्यवाही नहीं की गई है। इस समस्या से परेशान किसान तहसीलदार,पुलिस विभाग,अमदरा थाना,एसडीएम सहित संबंधित विभाग एवं कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगा कर परेशान होता रहा मगर कार्यवाही नही की गई न ही कोई समाधान निकला। इस संबंध को लेकर फरियादी पुत्र कहना है कि राजस्व विभाग के अधिकारी उन्हे लगातार टालते आ रहे हैं जिससे काफी परेशानी हो रही है। फरियादी ने आत्महत्या तक की बात कही है मगर कोई सुनने वाला नहीं है अगर कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार अधिकारी होंगे। वहीं इस संबंध को लेकर तहसीलदार जितेन्द्र पटेल का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है पुलिस बल की उपलब्धता न होने के कारण कार्रवाई रुकी हुई है।

# महावीर भवन में दुकान से चोरी कर भाग रही महिला पकड़ाई

### अलार्म बजने पर चेक किया तो बैग में मिले बिना बिल के 4 हजार के कपड़े

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महावीर भवन परिसर में स्थित एक कपड़े की दुकान में महिला को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड लिया गया। महिला जब दुकान से बाहर जाने लगी तभी दुकान में लगा अलार्म बजा,कर्मचारियों ने महिला का बैग जांचा तो उसमें 4000 के कपड़े मिले,जिनका बिल नहीं था।



पूरी घटना यहां कमरे में कैद हो गई है। बिहारी चौक के निकट महावीर भवन में एक कपड़े की दुकान में यह चोरी की घटना सामने आई है। घटना गुरुवार रात की है।दुकान की संचालक सोनाली जैन ने बताया कि एक अज्ञात महिला, जिसने स्कार्फ से अपना चेहरा ढका हुआ था,ग्राहक बनकर दुकान में आई। महिला 15 मिनट तक कपड़े देखती रही। फिर उसने कहा कि उसे कुछ पसंद नहीं आया और वह बाहर जाने लगी। महिला जैसे ही वह दुकान से बाहर निकली,आरएफआईडी एंटी-थेफ्ट सिस्टम का अलार्म बजने लगा। इस पर कर्मचारियों ने उसे रोका और उसके बैग की तलाशी ली। बैग से करीब 4 हजार रुपए की एक चुराई हुई ड्रेस मिली। इसके अलावा कुछ अन्य नए कपड़े भी बैग में थे, जिनके बिल नहीं थे।

### कपड़े चुराते हुए सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई महिला

दुकान के सीसीटीवी कैमरे में महिला को भीड़ का फायदा उठाकर कपड़े चुराते हुए देखा गया। घटना के बाद वह स्कूटी से फरार हो गई। सोनाली जैन ने इस मामले की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रिज़्म को 11वॉ ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2025 से नवाजा गया




**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत किए गए स्किल डेवलपमेंट के उत्कृष्ट कार्यों के लिए 11 वॉ ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड -2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार डॉ.राजीव दुबे,सीएमडी (से.नि.) केनरा बैंक,राजेश सौंदराराजन, आईएएस,डेपुटी चेसरपर्सन,वी.ओ.चिदम्बरनर पोर्ट अथारिटी एवं कमलेश्वर शरण,मुख्य कार्यकारी अधिकारी,ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड़ की ओर से देवेन्द्र मिश्रा एजीएम सीएसआर एंड पीआर एवं प्रकाश पाण्डेय एक्जक्यूटिव सीएसआर ने दिल्ली में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्राप्त किया। इस भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा किया गया था।यह पुरस्कार कंपनी द्वारा सीएसआर अंतर्गत स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) एवं महिला सशक्तिकरण के किए गए कार्यों एव शिक्षा और अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किए गए महत्वपूर्ण योगदान एवं समाज-सेवा की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रयासों कों मान्यता देने हेतु प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड समाज के विकास के लिए लंबे समय से समर्पित है। कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के अवसर बढ़ाने, स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने,पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा विभिन्न सामाजिक योजनाओं को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# कलेक्टर ने किया सडक निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस शुक्रवार को नागौद क्षेत्र के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सड़क निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने रहिकवारा और नागौद से परसमनिया होते हुए मैहर तक बन रही सड़क मार्ग का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने नागौद विकासखण्ड की सिंहपुर पंचायत में नवनिर्मित सामुदायिक पार्क और सिंहपुर से भैहाई सडक निर्माण का निरीक्षण किया। इस मार्ग पर पुलिया के पास पानी से कटाव होने पर रिटेनिंग बाल बनाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के सिंहपुर बैराज की नहर के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत कराने के निर्देश कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आरके वर्मा को दिये। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, जनपद पंचायत के सीईओ अशोक मिश्रा, सहायक यंत्री बीएल गुप्ता भी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

# जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय व्यंकट-1 सतना के पीछे के मैदान में होगा आयोजित

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 21 जून 2025 को ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में सभी जिलों,विकासखंडों,पंचायत स्तर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की गतिविधियां वृहद स्तर पर आयोजित की जायेंगी। इन कार्यक्रमों में शासकीय,अशासकीय विद्यालयों,महाविद्यालयों, विश्व विद्यालयों के अलावा सभी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

इसके साथ ही योग संस्थानों, एनएसएस,पुलिसकर्मियों,विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों,शासकीय सेवकों,स्वयंसेवी संस्थाओं,वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संस्थानों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। संपूर्ण प्रदेश में एक साथ,एक समय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजित किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में जारी समय-सारणी के अनुसार प्रातः 6 बजे अतिथि आगमन होगा। प्रातः 6.02 बजे अतिथियों का उद्बोधन,प्रातः 6:10 से मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं प्रातः 7 बजे से 7:45 तक सामान्य योग अभ्यास कार्यक्रम होगा। जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं आकाशवाणी रेडियो के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम का नोडल विभाग आयुष विभाग को बनाया गया है। सतना में योग दिवस का कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के पीछे के मैदान में आयोजित होगा।

### सतना में राज्यमंत्री एवं मैहर में विधायक होगें मुख्य अतिथि

11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रातः 6 बजे से समूचे सतना एवं मैहर जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सतना के जिला मुख्यालय पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी होंगी। इसी प्रकार मैहर जिला मुख्यालय पर भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया जायेगा।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व चल रही योगाभ्यास क्लास में खेल मैदान पर किया गया योग

**मैहर।** 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व भारत सरकार आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय को केंद्रित करते हुए पतंजलि युवा भारत,महिला पतंजलि समिति एवं मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में मेरा युवा भारत जिला अधिकारी कुलदीप सिह एवं एकाउंटेंट महेश द्विवेदी के नेतृत्व में मैहर फील्ड स्टेडियम में योगाचार्य अनिकेत पाल युवा भारत जिला प्रभारी एवं श्रीमती दीप्ति सिह महिला पंतजलि जिला प्रभारी मैहर के द्वारा मैहर फील्ड स्टेडियम में योगाभ्यास करवाया गया। इसमें प्रमुख रूप से प्रार्थना,ग्रीवा चालन,स्कंध खिचाव,कटी चालन,घुटना संचालन खड़े होकर किए जाने वाले अभ्यास ताड़ासन,वृक्षासन,अर्ध चक्रासन,त्रिकोणासन बैठकर किए जाने वाले अभ्यास दंडासन,वज्रासन,उष्ट्रासन,शशांक आसन वक्रासन पेट के बल लेट कर किए किए जाने वाले अभ्यास मकरासन,भुजंगासन,पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले अभ्यास सेतुबंधासन,उत्तानपादासन,अर्धहलासन,पवनमुक्तासन,शवासन एवं कपाल भारती,नाडीशोधन प्राणायाम अनुलोम-विलोम शीतली प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया गया।

### शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में विश्व योग एवं संगीत दिवस का आयोजन

**मैहर।** संस्कृति संचनालय शासन द्वारा विश्व योग एवं संगीत दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 21 जून शाम 7 बजे शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में किया गया है। संगीत सभागार में आमंत्रित कलाकार महेश अमित मलिक वायलिन जुगलबंदी भोपाल,सुश्री भारती विश्वनाथन शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय गायन भोपाल,रामेंद्र सिह सोलंकी संगतकार तबला,की अनुपम प्रस्तुति होगी । कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी बाटड कलेक्टर जिला मैहर करेंगी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में कमलेश सुहाने भाजपा जिलाध्यक्ष मैहर,श्रीमति गीता संतोष सोनी नगरपालिका अध्यक्ष मैहर,विकास सिंह एसडीएम मैहर,राज ललन मिश्रा पूर्व जन भागीदारी अध्यक्ष आदि की गरिमारूपेण उपस्थिति रहेंगे। प्राचार्य भारती सिह राजपूत ने अधिक से अधिक संगीत प्रेमी जनता जनार्दन से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के नाम में संशोधन

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा बूथ लेवल आफीसरों के लिए राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 21 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी शाहपुरा झील,अरेरा कॉलोनी भोपाल में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स बीएल बागरी के स्थान पर सहायक मान चित्रकार विनोद खरे को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए नियुक्त किया है।


## खबर संक्षेप

### अमानगंज-पन्ना बाईपास के पास दो ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, एक ट्रक मौके से फरार



**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार जारी है, सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है ताजा मामला गुरुवार की रात लगभग 9रू30 के बीच सामने आया है, जहां दो ट्रैकों की आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई इसमें एक ट्रक दूसरे ट्रक को टक्कर मार कर मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी जैसे ही अमानगंज थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री को लगी तो तुरंत वह मौके पर पहुंची थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने स्थिति का जायजा लिया और दूसरे ट्रक की तलाश शुरू कर दी है, अमानगंज बाईपास के पास हुई सड़क दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है लेकिन ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रक का चालक धर्मेंद्र कुशवाहा पिता आसाराम कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी देवेंद्र नगर बताया जा रहा है जबकि दूसरे ट्रक का चालक मौके से ट्रक को लेकर फरार हो गया। जिसको अमानगंज थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टोल प्लाजा के पास पकड़ा और दोनों ही ट्रकों के चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट का मामला दर्ज किया।

### वरिष्ठ नागरिक कंछेदी लाल चौरसिया (पंडा) का देवलोकगमन



**पन्ना।** 19 जून 2025, प्रातः 9:40 बजे, कंछेदी लाल चौरसिया (पंडा जी), निवासी पटना तमोली, का 83 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। वे एक धार्मिक प्रवृत्ति के सज्जन, समाजसेवी और संस्कारवान व्यक्तित्व के धनी थे। स्वर्गीय कंछेदी लाल जी, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा,मंडल अध्यक्ष सलेहा एवं प्रकृति प्रेमी के.के. पंडा के पिताश्री थे। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करें तथा शोकसंतप्त परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दे।

### आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर नोटिस जारी

**पन्ना।** लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर तीन ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रैकरा, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गौरा एवं अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहाना के सचिव शामिल हैं। जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गांरटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लघंन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध मे तीन दिवस के भीतर संबंधित सचिव से अधिनियम के 7.1 (क) के प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। जबाव संतुष्टिपूर्ण न होने एवं भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय युवा संगम मेला मंगलवार को

**पन्ना।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शासकीय आईटीआई पन्ना में मंगलवार, 24 जून को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा संगम मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं का वैतनिक रोजगार के लिए चयन करेंगे। सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेराजगार आवेदकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।




# पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना में 20 जून को ग्रेटर पन्ना लैण्ड स्केप में वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत दिनांक 20 जून 2025 को प्रातः 10.00 बजे से कर्णावती सभागार, मड़ला में ग्रेटर पन्ना लैण्ड स्केप के अन्तर्गत वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ श्री एल. कृष्णामूर्ति, भा.व.से, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं श्री सांई कृष्ण थोटा, पुलिस अधीक्षक पन्ना के विशेष आतिथ्य में किया गया।



कार्यशाला में रिसोर्स परसन के रुप में श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति, से.नि. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, श्री रितेश सरौठिया, भा.व. से. प्रभारी अधिकारी, म.प्र. राज्य टाइगर स्ट्राइक फोर्स, भोपाल, श्री पाटिल सुयोग सुभाषराव, क्षेत्रीय उप निदेशक वाइल्ड लाइफ क्राइम कण्ट्रोल ब्यूरो भोपाल, नितिन देशाई, निदेशक वाइल्ड लाइफ प्रीजेर्वेशन सोसायटी आफ इण्डिया, नागपुर एवं सुश्री मंजुला श्रीवास्तव, एडवोकेट उपस्थित हुए। कार्यशाला में वन वृत्त छतरपुर, सागर, जबलपुर एवं रीवा के वन संरक्षक एवं ग्रेटर पन्ना लैण्डस्केप में आने वाले म.प्र. के 08 जिलो के 10 वनमण्डलों के 50 वन अधिकारी उपस्थित हुए। उक्त कार्यशाला में ग्रेटर पन्ना लैण्ड स्केप के अन्तर्गत वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में चर्चा की गई एवं वरिष्ठ वन अधिकारियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया।

# पन्ना पुलिस द्वारा गुनौर थाना क्षेत्र में घर से चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका सोने के जेवरात कीमती करीबन 4 लाख रूपये के बरामद**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में घटित हुई चोरी की वारदातों के खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना गुनौर के एक प्रकरण में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी किया गया मसरूका जप्त किया गया है। मामले में फरियादी धर्मेंद्र अग्रवाल निवासी गुनौर के द्वारा थाना गुनौर में उपस्थित होकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 09 फरवरी 2025 दिन कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर में घुसकर घर में रखी अलमारी खोलकर सोने के जेवरात एवं गुल्लक में रखे दस हजार रुपए चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 38/25 धारा 331(3),305 बीएनएस पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी गुन्नौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार द्वारा तत्काल घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी के प्रयास किये गये एवं घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगो से घटना के संबंध जानकारी ली गई। साथ ही घटना के संबंध में जानकारी हेतु पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी गुनौर को सूचना दी गई कि फरियादी का किरायेदार अक्सर घर के अंदर आता जाता रहता था। मुखबिर सूचना के आधार पर गुनौर पुलिस के द्वारा जब किरायेदार से सख्ती से पूँछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किये गये सोने चाँदी के जेवरात कुल वजन करीबन 42 ग्राम कुल कीमती करीबन 04 लाख रुपए के बरामद किये जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जप्त सामग्री' - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सोने का हार एवं दो नग सोने की चूड़ी कुल वजनी करीबन 42 ग्राम कुल कीमती करीबन 04 लाख रुपए के बरामद किये गये हैं।

**गिरफ्तार आरोपी** - किंचित लखेरा पिता राजू लखेरा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मुड़वारी थाना पवई हॉल निवासी कस्बा।

**सराहनीय योगदान**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, सहायक उपनिरीक्षक अशोक गौतम, प्र.आर.सुरेश चंद्र पांडे , आरक्षक दीपक अहिरवार, देवराज पटेल एवं आरक्षक चालक बृजेश घोसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृतकिये जाने की घोषणा की गई है।

# मोदी जी ने पिछले 11 साल में देश के विकास की नींव मजबूत की है : बृजेंद्र प्रताप सिंह




### 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि अभियान मे जन चौपाल का आयोजन

**पन्ना।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धी तक अभियान के अंतर्गत पन्ना नगर मंडल की ओर से पुराना पावर हाउस चौराहा में जन चौपाल का आयोजन हुआ। इस जन चौपाल मे जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को लेकर विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जनता के बीच पहुंचे तथा संगठन की ओर से जिला मंत्री कमल लालवानी एवं मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जन चौपाल मे विधायक जी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पर किये गये जनहितकारी कार्यों का व्यौरा जनता के समक्ष रखा तथा सेवा सुशासन एवं संकल्प के प्रति समर्पित सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विधायक जी ने सरकार की महत्वपूर्ण मर्मस्पर्शी योजनाओं के बारे मे बताते हुये आम जन के जीवन मे होते महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर विचार साझा किए। श्री सिंह ने आयुष्मान योजना, आवास योजना, किसान सम्मान योजना, गरीब कल्याण योजना, उज्जवला योजना जैसी उपलब्धियों के बारे मे बणा हुए कहा कि इन सभी सरकार की योजनाओं ने सीधे जनता के जीवन में उतर कर उनको लाभ पहुंचाया है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने गरीबों के हितों की रक्षा का बीड़ा उठाया है और उनका जीवन स्तर सुधारने का काम किया है। चौपाल में ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित लाभर्थियों को विधायक जी द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं लाडली लक्ष्मी प्रमाण पत्र दिये गये तथा सैकड़ों हितग्राहियों का पंजीकरण विभिन्न लाभपरक योजनाओं में करवाया गया। चौपाल मे मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे,विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे कमल लालवानी पूनम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संतोष यादव,श्री उषा सोनी, रवि पांडे सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बीएलओ प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार आगामी जुलाई माह में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने पन्ना, पवई एवं गुनौर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। 21 जून को प्रशासन अकादमी भोपाल में राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय नामांकित मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण उपरांत सोमवार, 23 जून को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राज्य स्तर पर प्रशिक्षित ट्रेनर्स के साथ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व अन्य छूटे हुए मास्टर टेनर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सोमवार को प्रस्तावित विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण का संपूर्ण उत्तरदायित्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का होगा। इसके लिए सभी ईआरओ को एईआरओ एवं अन्य विधानसभा स्तरीय मास्टर टेनर्स की प्रशिक्षण में उपस्थिति के लिए स्थान व समय निर्धारित कर सूचित करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा गत दिवस नई दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एक-एक बीएलओ को भी प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी उक्त प्रशिक्षण का निरीक्षण किया जाएगा।

### शैक्षणिक संवर्ग के लोकसेवकों की लगाई ड्यूटी

आगामी 3 जुलाई से नियमित रूप से विधानसभा स्तर पर बीएलओ प्रशिक्षण आयोजित कराने के लिए विधानसभा स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक सहयोग के लिए शैक्षणिक संवर्ग के लोकसेवकों की ड्यूटी भी लगाई गई है, जिसके तहत पन्ना विधानसभा के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षक भानुप्रकाश खरे, पवई विधानसभा के लिए हाईस्कूल प्राचार्य संतोष कुमार गौतम एवं गुनौर विधानसभा के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षक सौमित्र मिश्रा की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने तथा क्षमता विकास के लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे सभी बूथ लेवल अधिकारी विधिक प्रावधानों, निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे के जरिए निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करने, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बूथ लेवल एजेन्ट से समन्वय, विभिन्न फॉर्म, बीएलओ एप इत्यादि के संबंध में बारीकियों से अवगत हो सकें।

# एक पेड़ मां के नाम तहसील सिमरिया प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण



**भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा की उपस्थिती व मण्डल अध्यक्ष लोकेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 11 साल मोदी सरकार के सेवा सुशासन के संकल्प के साथ लगी जन चौपाल**

**पन्ना।** मोदी सरकार के 11 साल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के संकल्प के साथ 5 जून से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाए जा रहे हैं इसी उपलक्ष्य में मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पन्ना जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता महामंत्री जिला उपाध्यक्ष के सहयोग से सिमरिया तहसील प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने बताया अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रत्येक बूथ में एक-एक कार्यकर्ता के द्वारा 11 पेड़ लगाए जाएंगे। इसके साथ ही 05 जून से 05 अगस्त तक प्रत्येक अभियान व कार्यक्रम के पश्चात वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत भाजपा जन जागरण करेगी और लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर वृक्षारोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और वृक्षारोपण करेंगे तथा जनमानस को प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी राजनैतिक कार्यों के साथ ही सांस्कृतिक व सामाजिक दायित्वों के साथ प्रदूषण मुक्त प्राकृतिक वातावरण के लिए सतत कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा पटेल जी मनीष खरे महामंत्री सीताराम पटेल मीडिया प्रभारी पियूष गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पवई में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन सम्पन्न

**विधायक प्रहलाद लोधी एवं भाजपाइयों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम**



**पवई।** नगर परिषद पवई अंतर्गत माता कलेही मंदिर परिसर में प्रस्तावित सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह शुक्रवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद लोधी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटरिया उपस्थित रहीं। यह भवन निर्माण कार्य सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा सांसद निधि से स्वीकृत 15 लाख की राशि से कराया जा रहा है। नगर परिषद पवई को यह राशि प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत मंदिर परिसर में एक भव्य सांस्कृतिक भवन का निर्माण किया जाएगा। अतिथियों ने निर्माण कार्य को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि इससे धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा इस अवसर पर समीक्षा जैन एस डी एम, प्रीति पंथी तहसीलदार ,विनीत नगायच, सीएमओ, वसंत दहायत अध्यक्ष नगर परिषद सहित भाजपा पदाधिकारी पार्षदगण ,पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

### गुनौर विधायक ने दी सौगात, विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शुक्रवार को क्षेत्रवासियों को विभिन्न सौगातें प्रदान की। विधायक डॉ. वर्मा ने ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में सीसी रोड के लोकार्पण के साथ पंचायत भवन के नवनिर्मित अतिरिक्त कार्यों का भी फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच ममता चौधरी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। स्थानीयजनों द्वारा भी बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने पर विधायक का आभार जताया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत भवन



डिजिटल एवं सर्वसुविधायुक्त होने से अब सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवीन तकनीक के उपयोग से जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय किसानों को मंडी से फसल विक्रय के माध्यम से उचित मूल्य की व्यवस्था सुनिश्चित की गई और प्रत्येक गरीब व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का हितलाभ पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने खेल मैदान विकसित करने तथा अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने का भरोसा भी दिया।

**खबर संक्षेप**



## उचित मूल्य की दुकान पर सेल्समेन की लापरवाही से गरीबों को नहीं मिल रहा राशन

**चंदला।** सेवा सहकारी समिति माधवपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रावपुर में संचालित उचित मूल्य की दुकान में अनियमितता के चलते गरीबों को उनके हक का राशन नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान के सेल्समेन शिव कुमार पटेल पिछले चार महीने से बीपीएल कार्डधारकों को राशन नहीं दे रहे हैं। दुमखेड़ा गांव निवासी मुन्ना यादव और ज्ञानी यादव ने बताया कि वे बीपीएल कार्डधारी हैं और हर माह 35 किलो राशन के हकदार हैं, लेकिन बीते चार माह से उन्हें एक दाना भी राशन नहीं मिला। मुन्ना यादव द्वारा संचालित सिद्ध बाबा स्व-सहायता समूह को भी राशन नहीं मिला है। उन्होंने 181 पर शिकायत भी दर्ज करवाई है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।
ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सेल्समेन घर-घर जाकर लोगों से फिंगरप्रिंट लगवा लेते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि राशन जल्द मिलेगा, लेकिन वितरण नहीं होता। अब तो सेल्समेन फोन भी नहीं उठा रहा और दुकान भी बंद रखता है।

## टिकरी में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**खजुराहो।** टिकरी पंचायत में पूर्व विधायक जेपी निगम व उनकी माता रानी देवी निगम की स्मृति में उनकी पुत्रियों श्रीमती मृदुला, सुश्री रेणुका एवं श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव द्वारा एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तकरीबन 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ जिसमें बीपी, शुगर, नेत्र, पेट से संबंधित बीमारियां एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।
ग्राम पंचायत टिकरी के सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी व भाजपा नेता बृज गोपाल अवस्थी ने बताया की ग्राम पंचायत टिकरी में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से गांव के अलावा आसपास के विभिन्न ग्रामों से लोगों ने आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा यहां पर आए हुए सभी मरीजों को निःशुल्क चश्मा एवं दवाइयों का वितरण किया गया।
स्वास्थ शिविर में प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ अंकुर खरे, विवेक चौरसिया, डॉ स्वेता गर्ग व उनकी टीम के अलावा खजुराहो व राजनगर स्वास्थ केंद्र से स्वास्थ कर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पत्रकार हरि अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, निर्मला गुड्डी अग्रवाल बद्री प्रसाद अवस्थी, पंचायत सचिव रोहित द्विवेदी, राकेश बाजपेई, प्रदीप दुबे अभिषेक दुबे दीपक तिवारी ओमकार अवस्थी, संतोष अग्रवाल, सुधीर खरे, नीरज तिवारी एवं जितेंद्र दुबे सहित आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हल्के भैया धमना, देवेंद्र अग्रवाल, केके खरे, अशोक मिश्रा रजिस्ट्री लेखक, अनूप सिंह ललोनी, बद्री अवस्थी सहित अन्य लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### जिला सीईओ ने दूसरे दिन पुनः आदेश में संशोधन कर दी गई मनमाफिक पंचायत

# रोजगार गांरटी में लाखों का भ्रष्टाचार सिद्व होने पर महयाबा सचिव रचना मिश्रा का जिला सीईओ ने निलबंन अवधि में किया तबादला



**छतरपुर।** जिले कि जनपद पंचायत गौरिहार के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत महयाबा में रोजगार गांरटी में लाखो का भ्रष्टाचार करने बाली ग्राम पंचायत सचिव रचना मिश्रा के विरूद्व भ्रष्टाचार सिद्व होने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने अपने आदेश क्रमांक 1803/जि.पं/प्र/2025 छतरपुर दिनांक 5 मई 2025 को श्रीमति रचना मिश्रा को निलबिंत कर उनका मुख्यालय जनपद पंचायत गौरिहार नियत किया गया था लेकिन जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार की कथनी और करनी में भेद उस समय उजागर हो गया जब उन्होंने 17 जून 2025 को अपने आदेश क्रमांक 2267/जि.पं/पं.प्र/2025 को एक आदेश जारी किया कि 5 मई 2025 के द्वारा रचना मिश्रा सचिव ग्राम पंचायत महयाबा जनपद गौरिहार को निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमिता एंव भण्डार क्रय नियमों का पालन न करने के कारण निलबिंत किया गया था और रचना मिश्रा के विरूद्व अधिरोपित आरोपो की जांच हेतु विभागीय जांच सस्थित की जाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरिहार को जांचकर्ता अधिकारी तथा खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत गौरिहार को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया जाता है और रचना मिश्रा को निलबंन से बहाल कर ग्राम पंचायत हनुखेडा जनपद पंचायत गौरिहार में पदस्थ किया जाता है। निलबंन अवधि का निराकरण विभागीय जांच के उपरांत किया जाएगा

### दूसरे दिन ही आदेश में किया संशोधन -

17 जून को एक आदेश जारी कर जिला पंचायत सीईओ ने रचना मिश्रा को हनुखेडा पंचायत पदस्थ किया था लेकिन 18 जून को जारी पत्र क्रमांक 2280/जि.पं/पं.प्र./2025 में आंशिक संशोधन करते हुए ग्राम पंचायत हनुखेडा के स्थान पर ग्राम पंचायत चुकेहटा जनपद गौरिहार में पदस्थ किया गया है। आखिर जिला पंचायत सीईओ के सामने ऐसी कौन सी परिस्थति थी जिस कारण रचना मिश्रा को हनुखेडा से चुकेहटा पंचायत पदस्थ करने के लिए दूसरे दिन ही आदेश जारी करना पड़ा जिला पंचायत सीईओ के यह आदेश चर्चा का विषय बने हुए है।

### बिना जांच पूरी किए कर दिया बहाल -

बैसे शासन के आदेश है कि यदि किसी अधिकारी कर्मचारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है और बह आरोप सिद्व भी हो चुके है और इन आरोपो के चलते उन्हे निलंबित किया गया है। और विभागीय जांच शुरू की गई है, तो ना तो बहाल किया जा सकता है और न ही किसी अन्य जगह पदस्थ किया जा सकता है। इससे विभागीय जांच पूरी तरह से प्रभावित होने की सम्भावना है चर्चा तो यह है कि निलबिंत सचिव को बिना जांच पूरी किए बहाल कर दिया गया और अगले दिन ही संशोधित आदेश जारी कर मनमाफिक पंचायत का प्रभार भी दे दिया गया शायद पंचायत विभाग का यह पहला मामला है जो चर्चाओ का विषय बना हुआ है।

### कमिश्नर ने भी कलेक्टर को जांच के लिए लिखा था पत्र -

सागर संभाग के कमिश्नर डॉ. बीरेन्द्र सिंह रावत ने 27 मई 2025 को कलेक्टर छतरपुर को ग्रामीणों की शिकायत पर एक पत्र लिखकर ग्राम पंचायत महयावा में रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत कराए गए कार्यो की जांच कराने के निर्देश दिए गए थे ग्राम पंचायत महयाबा में रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत कराए गए जिन कार्यो में भ्रष्टाचार हुआ था उनमें गौशाला निर्माण, खेत तालाब निर्माण, चारागाह निर्माण, नाली निर्माण इत्यादि कार्य शामिल थे जो धरातल में नही हुए थे परंतु राशि का आहरण किया गया है। इस संबंध में सभी बिन्दुओं की जांच कर जांचप्रतिबेदन भी कमिश्नर ने मांगा था लेकिन जांच प्रतिबेदन भेजा गया या नही यह अभी तक सार्वजनिक नही किया गया। भ्रष्टाचार के लिए महयाबा पंचायत समाचार पत्रों की भी सुखियों में रही है।

### सैल्समेन शिवदत्त सेन एवं सुरेश मिश्रा की भी रही मिली भगत -

रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत महयाबा पंचायत द्वारा जो कार्य कराए गए उसमें हुए भ्रष्टाचारों में सचिव रचना मिश्रा के साथ शिवदत्त सेन सैल्समेन सरबई और सुरेश मिश्रा निवासी हरबंशपुर हाल सरबई की मिलीभगत से शासन की लगभग 60 लाख की राशि का गबन किया गया था जिस पर भी कमिश्नर ने अनुशासत्मक कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा था इस 60 लाख रूपए में से नियमविरूद्व तरीके से शिवदत्त सेन सैल्समेन ग्राम नीबीखेड़ा को 40 लाख रूपए का भुगतान और सुरेश मिश्रा निवासी सरबई के खाते में 20 लाख रूपए की राशि नियमविरूद्व भुगतान करने की शिकायत हुई थी। वहीं 7 मई 2025 को उपायुक्त राजस्व विनय द्विवेदी ने भी कलेक्टर को एक स्मरण पत्र लिखा था कि महयाबा पंचायत में 60 लाख रूपए का जो नियमविरूद्व भुगतान किया है उसका जांच प्रतिबेदन चाहा गया था लेकिन जांच प्रतिवेदन नही भेजा गया है।

## जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक ने किया गठेवरा गांव का भ्रमण



**छतरपुर।**

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गठेवरा में कार्यपालक निदेशक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद डॉ बकुल लाड,संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया एवं जिला समन्वयिका आशीष ताम्रकार द्वारा समिति कार्यालय पुस्तकालय सहवाचनायालय संस्कार केंद्र एवं नर्सरी का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मूरत सिंह यादव द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया और संस्कार केंद्र की बच्चों द्वारा कलश सजाकर एवं रंगोली बनाकर बंधनवार लगाकर स्वागत किया।

नवांकुर संस्था वैभव बुंदेलखंड जनहित महिला समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी समिति के अध्यक्ष नीलम तिवारी एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मूरत सिंह यादव के द्वारा विस्तार पूर्वक आदर्श ग्राम गठेवरा में किए जा रहे हैं। कार्यों के संबंध में बताया गया जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार के द्वारा ग्राम विकास समिति के द्वारा ग्राम में विगत वर्षों में किए गए कार्य और वर्तमान में किया जा रहे कार्यों के संक्षिप्त में जानकारी दी। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक मयोदय द्वारा एक अच्छे नेटवर्क को तैयार करने एवं ग्राम में युवाओं को ग्राम विकास पर्यावरण संरक्षण शिक्षा स्वास्थ्य संस्कार विषयों पर आगे आकर काम करने हेतु अपना उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से नीलम तिवारी एवं परामर्शदाता विनोद विश्वकर्मा वंदना तिवारी अटल भूजल विशेषज्ञ राहुल दुबे सेक्टर की समितियां के अध्यक्ष सचिव और गठेवरा सरपंच ठाकुरदास पटेल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बेसबॉल टीमों ने अखिल भारतीय प्रतियोगिता में दिखाया दम



**छतरपुर।** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 जून से 18 जून 2025 तक झुंझुनू, राजस्थान में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 31 खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें 15 बालक और 16 बालिकाएं शामिल रहीं। प्रदेश बेसबॉल संगठन के उपाध्यक्ष एवं कोच मानसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बालक वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले मुकाबले में चित्तौडगढ़ विश्वविद्यालय को पराजित कर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे राउंड में एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय, भोपाल को हराकर टीम तीसरे राउंड तक पहुंची। हालांकि तीसरे राउंड में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से हुए मुकाबले में टीम को हार का सामना करना पड़ा।
वहीं, बालिका वर्ग की टीम ने भी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले मुकाबले में श्री कुशाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ को हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे राउंड में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से मुकाबले में टीम को हार झेलनी पड़ी। इस प्रदर्शन के माध्यम से दोनों टीमों ने विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी खिलाड़ियों की सराहना की है। बालक वर्ग की टीम में प्रवीण छारी, शिव शंकर सिसोदिया, मयंक गोस्वामी, सुमित आदिवासी, नीलेश अहिरवार, सचिन अहिरवार, हर्ष सोनी, अभय प्रताप सिंह परमार, बृजेंद्र रजक, दीपक रजक, वात्सल्य त्रिपाठी, आजाद तिवारी, सोहन रावत और सौरभ प्रजापति शामिल रहे।बालिका वर्ग की टीम में आकांक्षा कुशवाहा, रक्षा कुशवाहा, दीपिका कुशवाहा, साक्षी कुशवाहा, दीक्षा यादव, मानसी ताम्रकार, काजल कुशवाह, दुर्गा गंधर्व, कविता अहिरवार, प्रीति अहिरवार, कमला अहिरवार, रीना अहिरवार, संजना अहिरवार, अंजली यादव, क्रांति अहिरवार और वैदेही नायक ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. शोभा तिवारी, कुलसचिव यशवंत पटेल, क्रीड़ा संचालक भानु प्रताप सिंह गौर, अरविंद महलोनिया, अभिनव दुबे एवं आसिया खान ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 21 घंटे में लापता दोनों नाबालिग बच्चे सकुशल लौटे घर

### ग्राम सरसेड़ से लापता हुए दिव्यांश और जयदीप की हरपालपुर में हुई सकुशल बरामदगी



**हरपालपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरसेड़ से गुरुवार दोपहर लगभग 1 बजे दो नाबालिग बच्चे, दिव्यांश सोनी और जयदीप उर्फ गोपाल सोनी (उम्र लगभग 14 वर्ष) अपनी-अपनी साइकिल से घर से निकले थे। देर रात तक जब दोनों घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण रातभर बच्चों की तलाश में जुटे रहे।

शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे हरपालपुर में गांव के एक व्यक्ति ने दोनों बच्चों को बिना साइकिल के देखा। उसने तुरंत बच्चों को रोका और उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को अपने साथ सकुशल घर लेकर आए।

बच्चों की घर वापसी से परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों को देखकर माता-पिता और रिश्तेदारों की आंखें नम हो गईं। वहीं, गांव वालों ने भी बच्चों की सलामती के लिए ईश्वर का धन्यवाद किया।

सूत्रों के अनुसार, बच्चे काफी थके और भूखे नजर आ रहे थे। उन्हें फिलहाल हल्का आहार देकर आराम करने दिया गया है। घर पर भीड़ और तनावपूर्ण माहौल के कारण बच्चे अभी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं।

बच्चों का अचानक इस तरह घर से लापता हो जाना एक गंभीर विषय है और यह मामला जांच का विषय बना हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की पड़ताल की जा रही है।

## प्राथमिकता से लोगों की समस्याओं का समाधान हो, मिले योजनाओं का लाभः कमिश्नर



**छतरपुर।** कमिश्नर सागर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत कार्यालय छतरपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कमिश्नर विनय द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, एसडीएम नौगांव जी.एस. पटेल, गौरिहार एसडीएम बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर सागर डॉ. रावत ने कलेक्ट्रेट के कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर न्यायालय, स्थापना, नजारत, वित्त एवं विधि शाखा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर राजस्व एवं अन्य शासकीय कार्यों को समय सीमा में करने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा यहां आने वालों की लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। साथ ही सभी शाखाओं से जुड़े कार्य त्वरित रूप से हों। कमिश्नर ने खनिज कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अवैध उत्खनन से संबंधित अभी तक की गई कार्यवाहियां और जुर्माना वसूली की जानकारी लेते हुए निरंतर कार्यवाहियां जारी रखने के निर्देश दिए। तदुपरांत कमिश्नर सागर ने जिला पंचायत का निरीक्षण करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा अंतर्गत खेत तालाब, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अंतर्गत लक्ष्यों को वर्षा के पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अमृत सरोवरों को भू-अभिलेखों में दर्ज करने के निर्देष दिए। कमिश्नर ने वर्षा के पूर्व ही उत्पन्न होने पर बाढ़ संबंधी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

### पिस्टल, कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

# आरोपी साहिल खान दुष्कर्म जैसे अपराध में पूर्व से लिप्त



**छतरपुर।** जिले में पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। विगत दिनों में जिले में अवैध हथियारों की तस्करी, निर्माण एवं उपयोग में लिप्त 345 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्रियों पर छापामार कार्यवाही भी शामिल है।

इसी क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस शाम के समय क्षेत्र भ्रमण के दौरान नई ईदगाह के पास में संदिग्ध व्यक्ति के अवैध हथियार सहित होने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंची। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध 32 बोर पिस्टल, कारतूस कीमत करीब 25000 बरामद किया गया।

अवैध हथियार में लिप्त आरोपी साहिल खान पिता हनीफ खान निवासी संकट मोचन पहाडिय़ा छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। अभियुक्त दुष्कर्म जैसे अपराध में पूर्व से लिप्त है। विवेचना कार्यवाही जारी है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा आरक्षक अजय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, ऋषिकेश की भूमिका रही।

# जैतूपुरा में वृद्ध की मौत के बाद बवाल

### आक्रोशित ग्रामीणों ने बकस्वाहा बस स्टैंड पर किया चक्काजाम



**बकस्वाहा।** थाना बकस्वाहा अंतर्गत ग्राम जैतूपुरा में गुरुवार रात उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब 70 वर्षीय दयाराम सिसौदिया की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों और ग्रामवासियों ने मारपीट का आरोप लगाते हुए जैतूपुरा निवासी बैजनाथ दुबे को जिम्मेदार ठहराया और कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों और परिजनों ने रात करीब 9 बजे से 11 बजे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। मृतक के परिजन विक्रम परिहार ने बताया कि दो दिन पूर्व दयाराम सिसौदिया के साथ बैजनाथ दुबे ने मारपीट की थी, लेकिन पुलिस ने तब एफआईआर दर्ज नहीं की। इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो जाने पर गांव में आक्रोश फैल गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एसडीओपी रोहित अलावा ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आश्वासन के बाद एफआईआर दर्ज की गई और चक्काजाम समाप्त हुआ।

## समिति और पार्षद के प्रयास से संकट मोचन तालाब की हो रही सफाई



**छतरपुर।** शहर में जहां अधिकांश तालाब गंदगी और उपेक्षा की मार झेल रहे हैं, वहीं संकटमोचन तालाब एक अलग ही मिसाल पेश कर रहा है। बीते चार वर्षों से इस तालाब की सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी संकटमोचन समिति और क्षेत्रीय पार्षद आशिफ अली ने अपने कंधों पर ली है। उनके नेतृत्व में समिति लगातार तालाब की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए प्रयासरत है।

जैसे ही मानसून की आहट सुनाई देने लगी, समिति ने एक बार फिर तालाब की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। बारिश से पहले जलभराव की स्थिति से निपटने और जल को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से तालाब में जमे कचरे और सिल्ट को निकाला जा रहा है। समिति अपने स्वयं के खर्च पर मजदूरों की व्यवस्था कर तालाब की सफाई करवा रही है, जो अपने आप में सराहनीय पहल है।

जहां एक ओर शहर के अन्य तालाब प्रशासनिक उपेक्षा के कारण कचरे और गंदगी से पटे पड़े हैं, वहीं संकट मोचन तालाब में स्थानीय नागरिकों और समिति के सामूहिक प्रयासों से साफ-सफाई की मिसाल पेश की जा रही है। यह कार्य सिर्फ जल स्त्रोत की सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का द्वितीय चरण हुआ सम्पन्न



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर विगत कई वर्षो से बारहवीं में साठ प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करता आ रहा है। इस वर्ष मेधावी छात्र सम्मान 2025 का द्वितीय चरण श्री कृष्णा विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य अतिथि अखिल राठौर, अनुविभागीय अधिकारी छतरपुर, कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित जैन, प्रभारी कुलगुरू श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि रमेश तहसीलदार, छतरपुर, प्रभारी कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी, प्राध्यापक डॉ. संजय सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अखिल राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। समाज की प्रतिभा को आगे बढ़ाने में इस तरह के मंच किसी भी विद्यार्थी के जीवन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को अन्य बातों में ध्यान न लगाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना आवश्यक है। उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान करने से समाज व राष्ट्र का कल्याण तो होता ही है, साथ ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। मनुष्य शिक्षित होकर ही अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, हमें शिक्षा के महत्व को जानना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने अपने वक्तव्य में कहा कि आगामी तीसरा मेधावी पुरस्कार सम्मान समारोह नौगांव में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सभा को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी। आगे बताया कि मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करके समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य की नीव मजबूत कर सकता है। द्वितीय चरण के मेधावी पुरस्कार सम्मान समारोह में बिजावर ब्लॉक के 364 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बी.डिजाइन की उमा देवी, ज्याति देवी एवं विजय को टेबलेट एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रणति चतुर्वेदी व श्रीमती सुमेधा राय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टेढ़े-मेढ़े पांवों को मिली सीधी राह, डॉ. रवि सोनी ने 5 बच्चों को चलने की उम्मीद दी



**छतरपुर।** जब कोई बच्चा अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाता, तो उसकी पूरी दुनिया सीमित हो जाती है। ऐसे ही पांच बच्चों को गुरुवार को जिला अस्पताल में नई दिशा मिली, जब डॉ. रवि सोनी ने उनके विकृत पैरों का सफल ऑपरेशन किया। अब ये बच्चे भी सामान्य जीवन की ओर बढ़ सकेंगे।

डॉ. सोनी अब तक 280 से अधिक बच्चों को अपने इलाज से नया जीवन दे चुके हैं। टीकमगढ़ और महोबा जैसे आसपास के जिलों से भी परिजन अपने बच्चों को छतरपुर लाते हैं, जिन्हें जन्मजात टेढ़े-मेढ़े पैरों की समस्या रहती है। यहां ऑपरेशन के बाद वे बच्चे फिर से चलने में सक्षम हो पाते हैं। उन्होंने बताया कि हर शुक्रवार को कैंप लगाया जाता है जिसके माध्यम से बच्चों का इलाज किया जाता है।

## कपड़े की दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचे युवक ने काउंटर से पार की नकदी, शहर के शिल्पी प्लाजा की घटना, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



**रीवा।** शहर के शिल्पी प्लाजा स्थित कपड़े के शो रूम में ग्राहक बनकर आए युवक ने काउंटर में रखे कैश पार कर दिए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान के कर्मचारी ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत. की है। बताया गया कि शहर में संचालित कपड़ों के शोरूम में ग्राहक बनकर पहुंचे दो युवकों द्वारा काउंटर में रखे कैश चोरी कर लिए गए। ग्राहक बनकर पहुंचे एक युवक ने दुकान के कर्मचारियों को कपड़े दिखाने में व्यस्त कर दिया, तो वहीं दूसरे ने 500 का चेंज लेने के बहाने काउंटर में बैठी लड़की को चकमा देकर काउंटर से 500 500 की तकरीबन 27 नोट पर कर दी। इस घटना की जानकारी उसे वक्त हुई जब काउंटर में रखे कैश की गिनती हुई जिसमें 18 हजार रुपए कम थे, ऐसे में सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर चोरी की घटना का खुलासा हुआ और दुकान के कर्मचारियों गुरुवार को सिविल लाइन थाने पहुंचकर उक्त चोरी की की शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया कि शिल्पी प्लाजा में संचालित प्लोसे शो रुम में लेडीज कपड़ों का कारोबार संचालित किया जाता है। घटना के संबंध में शोरूम के कर्मचारी सुनील साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की दोपहर दो व्यक्ति ग्राहक बनकर उसकी दुकान पहुंचे थे। दो युवकों में से एक ने कपड़े खरीदने के बहाने कर्मचारी को व्यस्त कर लिया, जबकि दूसरे ने 500 का चेंज लेने के बहाने काउंटर में बैठी लड़की को झांसा देकर काउंटर से तकरीबन 18 हजार रुपए पार कर दिए। फिलहाल शोरूम में दिनदहाड़े हुई चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इधर घटना के कुछ ही घंटे बाद जब दुकान संचालक को इसकी जानकारी हुई तो हड़कप मच गया और कर्मचारियों से पूछताछ की गई, जिस दौरान सीसीटीवी फुटेज ने पूरा राज खोल दिया। जिसके बाद मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना में की गई है, शिकायत के बाद अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन आज

**कटनी।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान संपूर्ण विश्व में योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा होने के अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग दिवस के कार्यक्रम के आयोजकों के पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए है। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता करें।

# शहर में हुई मानसून की पहली झमाझम बारिश

## कई जगह जलजमाव, निर्धारित समय के 3 दिन पहले जिले में दस्तक, दिनभर धूप, शाम को आधे घंटे और देर रात रुक - रुक हुई बारिश

रीवा।

जिले में गुरुवार व शुक्रवार को मानसून की दस्तक ने लोगों को गर्मी से राहत दी। पिछले दो दिनों से बदल रहे मौसम के बाद गुरुवार को दिन में धूप खिली रही, शाम शाम होते होते ही इझमाझम बारिश हुई। इससे शहर की सड़कें पानी से भर गई। इस बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को भीषण उमस से बड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में मानसून का प्रवेश हो चुका है। इसके चलते आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना है। साथ ही तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक गिरावट भी अपेक्षित है। किसानों को भी खरीफ की बुवाई और रोपा के लिए इस जोरदार बारिश का बेसब्री से इंतजार था।देसरात तक रिमझिम बारिशः शहर में शाम 5.30 बजे से शुरू हुई बारिश का क्रम देररात तक चलता रहा। आसमान पर घने काले बाद छाए





रिमझिम बारिश होती रही। इसके चलते समय से पहले ही बाजार बंद हो गया।

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि जिले में अब तेज झमाझम बारिश होगी। इस बारिश से भी खुश है। मौसम विज्ञान से जुड़े जानकारों की मानें तो इस समय राजस्थान में 2 और झारखंड से पश्चिम बंगाल तक एक सिस्टम बना हुआ है, जिससे अब लगातार 3-4 दिनों तक बारिश होने का अनुमान लगाया गया है। गुरुवार को मौसम सुबह से गर्म रहा। तीखी धूप निकली। बीच-बीच में बादलों ने भी असर दिखाया। लेकिन शाम को मौसम पूरी तरह बदल गया। सूत्रों के अनुसार शाम को बारिश पूरे शहर में नहीं हुई। हालांकि थोड़ी ही देर में शहर के दूसरे हिस्से में भी बारिश होने लगी। लोगों ने मानसून की पहली बारिश का आनंद भी उठाया।बॉक्स कई घंटो ठप रही बिजली आपूर्ति व्यवस्थाशाम को हुई बारिश से मार्तड स्कूल सब स्टेशन की 33 केवी की लाइन में फाल्ट आ गया। जिरस्की वजह से व्यवसायिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था ठप हो गई। लगभग 2 घंटे तक शिल्पी प्लाजा, कॉलेज चौराहा, मानस भवन, नरेंद्र नगर, कलेक्ट्रेट के आसपास के क्षेत्र के अलावा अमहिया इलाके के कुछ हिस्से में अंधेरा छाया रहा। इन क्षेत्रों के लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे।बॉक्स लू से मिली राहत, अब नहीं सताएगी गर्म हवाएंमध्य भारत में मई और जून का महीना आमतौर पर लू (हीटवेव) के लिए कुख्यात होता है, लेकिन इस बार मानसून के तेज रुख के चलते लू की स्थिति अब लगभग समाप्त हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि आने वाले दिनों में देश के किसी भी हिस्से में हीटवेव की कोई स्थिति नहीं बनेगी। गौरतलब है कि अप्रैल और मई के शुरुआती हिस्से में उत्तर भारत के कई हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। लेकिन मानसूनी बादलों की सक्रियता ने अब वातावरण को शीतल बना दिया है।बॉक्स कृषि के लिए राहत की खबरमानसून की तेज शुरुआत का सबसे सकारात्मक प्रभाव खेती-किसानी पर पड़ रहा है। इस बार मानसून के जल्दी पहुंचने से खरीफ की बुवाई समय से शुरू हो सकेगी, जिससे धान, मक्का, बाजरा, अरहर, मूंग जैसी फसलों की उपज अच्छी रहने की उम्मीद है। राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि आगामी दो हफ्तों में वर्षा की स्थिति अनुकूल रही, तो इस वर्ष प्रदेश में खरीफ उत्पादन का नया रिकॉर्ड बन सकता है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे मानसून की प्रगति के अनुसार बीजों की बुआई की योजना बनाएं।


## जर्जर शाला भवनों तथा कक्षों को सात दिनों में गिराएं, जर्जर भवनों की कक्षाएं तत्काल वैकल्पिक स्थल में करें संचालित



**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी तथा सभी बीईओ और बीआरसी स्कूल भवनों के संबंध में तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। किसी भी जर्जर भवन और कक्ष में कक्षाएं संचालित न करें। जिले में चिन्हित 71 जर्जर भवनों की शालाएं तत्काल वैकल्पिक स्थानों में स्थानांतरित करके उनका नियमित संचालन कराएं। इसके लिए आसपास उपलब्ध अन्य शासकीय भवनों तथा ग्राम पंचायतों की परिसम्पत्तियों का उपयोग करें। रिक्त जर्जर भवनों और कक्षों को सात दिवस में डिसमेंटल करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुभाग में 21 जून को दोपहर 12 बजे से बैठक आयोजित कर जर्जर शाला भवनों और कक्षों को ध्वस्त करने संबंधी आदेश पारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी बीईओ और बीआरसी जर्जर शाला भवनों के संबंध में दिए गए निर्देशों का पालन करके सात दिवस में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रमसा के इंजीनियर तथा बीईओ सभी शालाओं का निरीक्षण करें। जो शाला भवन सुधार योग्य है उसमें तत्काल सुधार कार्य कराएं। जिला प्रभारी रमसा इंजीनियरों से प्राप्त भवनों के सुधार के स्टीमेट को स्वीकृति देकर तत्काल राशि जारी करें। जर्जर भवनों के कारण यदि किसी विद्यार्थी के साथ कोई दुर्घटना हुई तो दोषियों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी बीईओ और बीआरसी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से संपर्क करके जर्जर भवनों के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करें। शासन के निर्देशों के अनुसार सभी स्कूल शुरू हो गए हैं। इनके संचालन की नियमित मानीटरिंग करें। बैठक में डीपीसी विनय मिश्रा ने बताया कि शालाओं के 1695 शौचालयों में सुधार के लिए राशि जारी कर दी गई है। इनमें सुधार कार्य 15 दिवस में पूरा करा लिया जाएगा। बैठक में सहायक संचालक राजेश मिश्रा, सभी बीईओ, बीआरसी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम विश्व योग दिवस कार्यक्रम के होंगे मुख्य अतिथि, विश्व योग दिवस पर जिला विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायतों में आज होगा सामूहिक योग

**रीवा ।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा में शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि योग दिवस के कार्यक्रम प्रात: 6 बजे शुरू होंगे। सुबह 6 बजे विद्यार्थी तथा योगाभ्यास में शामिल होने वाले एकत्रित होकर अपना स्थान ग्रहण करेंगे।




सुबह 6.05 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का उद्बोधन होगा। इसके बाद भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के योग दिवस संदेश और उद्बोधन का सुबह 6.30 बजे से 6.40 बजे तक सजीव प्रसारण सभी स्थलों में दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापट्नम से योग दिवस के उद्बोधन का सुबह 6.40 बजे से सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा।कलेक्टर ने बताया कि विश्व योग दिवस पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे। रीवा नगर निगम में विवेकानंद पार्क तथा अटल पार्क सिविल लाइन में योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। सभी माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, पॉलिटेक्निक कालेज, आईटीआई, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज सहित सभी शासकीय तथा निजी महाविद्यालयों में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुष विभाग की सभी संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में भी योग दिवस के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री जी के योग दिवस उद्बोधन के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के आयोजन के बाद अच्छी गुणवत्ता के फोटो और वीडियो विवरण के साथ आयुष डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर अपलोड कराएं। इसे जनसम्पर्क कार्यालय को ईमेल पीआरओ रीवा 5 एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

## सीखो कमाओ योजना में अन्य ईपीएफ संस्थान जोड़ें कौशल उन्नयन के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर दें



**रीवा ।** संभागीय आईटीआई रीवा के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश और देश में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है। औद्योगिक संस्थानों में कम्प्यूटर तथा अन्य आधुनिक मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षित युवाओं की अच्छी मांग है। आईटीआई में युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार का अवसर दें। सीखो कमाओ योजना का अन्य ईपीएफ संस्थानों में विस्तार करें। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल तथा संजय गांधी हास्पिटल को भी सीखो कमाओ योजना में शामिल करें। जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 90 दिवसीय कोर्स के पात्र उम्मीदवारों का चयन करके उनका चिन्हित संस्थान से प्रशिक्षण शुरू कराएं।बैठक में प्राचार्य आईटीआई एसएन मिश्रा ने बताया कि आईटीआई में 24 ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण के लिए युवाओं से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करके प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए 300 कम्प्यूटर की आईटी लैब उपलब्ध है। आईटीआई में प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए भी कई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हैं। सीखो कमाओ योजना से अन्य संस्थानों को शीघ्र ही जोड़ा जाएगा। बैठक में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक खादी ग्रामोद्योग, उप संचालक कृषि यूपी बागरी उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया से फ्रेंडशिप कर प्रेमजाल में फंसाकर किया दुष्कर्म, पीड़िता ने डीआईजी ने लगाई न्याय की गुहार



**रीवा।** जिले मे फेसबुक पर दोस्ती करना एक युवती को भारी पड़ गया है। विश्वास की आड़ में युवक ने उसका शोषण किया और जब शादी की बात आई, तो उसने किनारा कर लिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत डीआईजी कार्यालय में करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है। युवती का कहना है कि उसकी युवक से फेसबुक के जरिए जान-पहचान हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाकर उसे अनंतपुर स्थित अपने घर बुलाया। जहां शादी का झांसा देकर युवक ने शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसने पूरी घटना की जानकारी आरोपी की बहन की दी थी, लेकिन उसने कोई सहयोग नही किया।कुछ समय बाद युवती को पता चला कि युवक की सगाई हो चुकी है और तिलक की रस्में भी निभाई जा रही हैं। यह सुनते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। प्यार में धोखा और अपमान की पीड़ा से आहत युवती ने डीआईजी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।युवती का आरोप है कि जब वह आरोपी के गांव लालगांव पहुंची तो वहां युवक के परिजनों और रिश्तेदारों ने उसे धमकाया और चुप रहने का दबाव बनाया। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब इस गंभीर मामले की पड़ताल कर रही है। पीड़िता की शिकायत के बाद पूरे मामले को लेकर जांच तेज कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को तलब कर पूछताछ की जा सकती है। वहीं पीड़िता ने प्रशासन से सुरक्षा की भी मांग की है।

## नगर निगम कंट्रोल रूम से अब 52 कैमरों से शहर के ट्रैफिक की लाइव होगी निगरानी, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत की प्रक्रिया हुई शुरुआत, हादसे और अपराध रोकने में मिलेगी मदद



रीवा।

शहर की यातायात और नागरिक सुरक्षा को स्मार्ट और हाईटिक बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ी पहल की है। शहर के 13 प्रमुख चौलतों पर 52 सीसीटीवी कैमरे और सार्वजनिक उद्घोषण प्रणाली पीए सिस्टम लगाए गए है, जिसमे चौराहों पर किसी तरह का ट्रैफिक उलझन करने पर सीधे एनाउंस कर टोका जाएगा। साथ ही किसी तरह का ट्रैफिक अलर्ट देना है तो एक साथ सभी जगह के लिए सूचना दे दी जाएगी। बड़े शहरों की तरह अब रीवा में यह सुविधा ट्रैफिक की बदहाली को सुधारने में मदद करेगी। यह व्यवस्था अब शहर के व्यस्तम चौराहों पर 24 घंटे सतत निगरानी को संभव बनाएगी। नगर नियम में इसका कंट्रोल रूम पर किया गया है, जहां से कैमरे लगे सभी चौराहों की निगरानी की जाएगी। साथ ही ट्रैफिक पुलिस को भी लाइव फीड का एक्सेस प्रदान किया गया है, ताकि संभावित रूप से त्वरित कार्रवाई की जा सके। इन कैमरी और पीए सिस्टम की सहायता से शहर के प्रमुख चौराहों की सुरक्षा सतत निगरानी रखने की शुरुआत कर दी गई है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बॉक्स इन प्रमुख चौराहों पर रहेगी नजरप्रकाश चौक, कॉलेज चौक, सिरमौर चौक, सुभाष चौक, समान तिराहा, ढेकहा तिराहा, जयस्तंभ चौक, खन्ना चौक, स्टेच्यू चौक, हॉस्पिटल चौक, पी.टी.एस. चौक, एस.ए.एफ. चौक और धोबिया टंकी चौक शामिल हैं।

## हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए वितरित किया जाना सुनिश्चित कराएं, जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**रीवा।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सांसद जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए उनका वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में सीडी रेशियो में कम प्रगति होने पर इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया तथा यूको बैंक के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लेख किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित बैंकर्स व विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक क्रेडिट प्लान को बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक केसीसी वितरित किए जाने की बात बैंकर्स से कही गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बैठक में निर्देश दिए कि बैंकों में प्रस्तुत प्रकरणों को लंबित न रखें। स्वसहायता समूहों को ऋण देते हुए डेयरी उत्पाद के लिए क्लस्टरवार एसएचजी को ऋण स्वीकृति में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उन्हें नियत समय पर पूर्ण कराएं ताकि आगामी त्रैमास में उल्लेखनीय प्रगति हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि डीएलसीसी की बैठक में जिम्मेदार विभाग प्रमुख व बैंकर्स अनिवार्यतः उपस्थित रहें। इस अवसर पर नाबार्ड अंतर्गत बनाए जाने वाले प्रोटेन्सिव लिंक्ड क्रेडिट प्लान के लिए विभागीय अधिकारियों से डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि रामनागर, एलडीएम जगमोहन, डीडीएम नाबार्ड सरोज जेना सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।